1352885

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4 बी.एच.डी.ई.-108/ई.एच.डी.-08

स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी. डी. पी.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2019

बी.एच.डी.ई.-108/ई.एच.डी.-08 : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।*

खण्ड—क

नोट : *निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 500-500 शब्दों में दीजिए।*

1. लेखन में उच्चारणात्मक प्रभाव के परिप्रेक्ष्य में बताइए कि हिन्दी में किन लेखकीय युक्तियों का प्रयोग किया जाता है ? 20

2. हिन्दी वाक्य संरचना के विभिन्न प्रकारों और उनकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 20

3. वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली निर्माण के प्रमुख सिद्धान्तों की चर्चा कीजिए। 20

4. हिन्दी समाचार-पत्रों में प्रकाशित समाचारों की भाषागत विशेषताओं का विवेचन कीजिए। 20

खण्ड—ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग ***250–250*** शब्दों में दीजिए : प्रत्येक 10

(i) बैंकों में प्रयुक्त हिन्दी भाषा का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ii) टेलीविजन पर प्रसारित किन्हीं ***दो*** हिन्दी विज्ञापनों की भाषागत विशेषताएँ बताइए।

(iii) हिन्दी वर्तनी में पाई जाने वाली अनेकरूपताओं के शाब्दिक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(iv) फिल्मों में प्रयुक्त हिन्दी की विशेषताएँ बताइए।

(v) अनौपचारिक और औपचारिक पत्र का एक-एक नमूना तैयार कीजिए।

(vi) पारिभाषिक शब्दावली-निर्माण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए।

(vii) कार्यालय-हिन्दी के विभिन्न प्रयोग-क्षेत्रों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(viii) टिप्पण-लेखन की विशेषताएँ बताइए।

खण्ड—ग

6. निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *50* शब्दों में दीजिए : प्रत्येक 2

   (i) मौखिक भाषा

   (ii) लिपि और वर्तनी

   (iii) भाषा का मानकीकरण

   (iv) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 351

   (v) मशीनी अनुवाद

7. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय बताइए : प्रत्येक 1

   (i) Risk

   (ii) Supply

   (iii) Money-market

   (iv) Safety

   (v) Transfer

8. निम्नलिखित में से सही **अथवा** गलत कथन का उल्लेख कीजिए : प्रत्येक 1

   (i) 'बाजार गिरने' का अर्थ है मूल्यों में बढ़ोत्तरी होना।

(ii) 'भोजपुरी' को आठवीं अनुसूची में शामिल कर लिया गया है।

(iii) 'यहाँ हस्ताक्षर कीजिए' आदेशात्मक वाक्य है।

(iv) 'राष्ट्रभाषा' भावनात्मक संकल्पना है।

(v) अधिसूचना का प्रकाशन राजपत्र में होता है।